THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATIL) : (a) Yes, Sir.

(b) Increase in domestic fares of Indian Airlines were to the extent of 10% to 5% in various distance slabs upto 500 kms.

(c) Increase in fares is a part of the exercise for rationalisation of fares in order to improve recovery of cost of operations on short sectors.

आदर्श रेलवे स्टेशन योजना

904. **डा. अबरार अहमद खान :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन बनाने की योजना के तहत अब तक देश में कितने रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन बनाया गया है तथा उनमें से कितने स्टेशन राजस्थान में है तथा वहां पर क्या-क्या सुविधाएं दी गयी हैं ;

(ख) क्या इस योजना का कार्य लक्ष्य के अनुरूप चल रहा है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं तथा कितने रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन बना दिये जाने का प्रस्ताव था ; और

(ग) राजस्थान में सभी रेलवे स्टेशनों को कब तक आदर्श रेलवे स्टेशन बना दिया जायेगा ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) देश में 67 स्टेशनों को आदर्श स्टेशनों के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया है। इनमें से 5 स्टेशन अर्थात् बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, भरतपुर तथा अजमेर राजस्थान मे है।

आदर्श स्टेशनों पर काम में, इस सदी के अन्त तक प्रत्याशित यातायात की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, यथा आवश्यक, स्टेशन भवन के ढांचे में परिवर्तन के साथ-साथ यात्रियों के लिए अतिरिक्त सुविधाओं, सहित, विभिन्न सुधार शामिल हैं। इन सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी, उनमें पेय जल, शौचालय, रोशनी की बेहतर व्यवस्था प्लेटफार्मों का परिवर्तन और उनमें सुधार तथा प्लेटफार्मों पर सायबान प्रतीक्षालय, विश्रामालय, बुकिंग और आरक्षण सुविधाओं में सुधार, ऊपरी पैदल पुल, प्रत्येक स्टेशन की आवश्यकताओं के अनुरूप परिचलन क्षेत्र, सम्मिलन क्षेत्र का सुधार आदि शामिल हैं।

(ख) धन की उपलब्धता के अनुरूप, सभी स्टेशनों पर निर्माण-कार्य प्रगति पर हैं। अधिक आवश्यक सुविधाओं में कमियों को पूरा करने को प्राथमिकता दी गयी है, जिन्हें उत्तरोत्तर किया जा रहा है और इनके 1990-91 तक पूरा हो जाने की सम्भावना है इन स्टेशनों पर प्रस्तावित सुधार सम्बन्धी शेष काम भी आठवीं योजना के मध्य तक पूरे हो जाने की सम्भावना है।

(ग) राजस्थान के सभी रेलवे स्टेशनों को आदर्श स्टेशनों में बदलने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, जैसे ही आदर्श स्टेशन के काम पूरे हो जायेंगे, उसी आधार पर अन्य स्टेशनों को विकसित करने में सुविधा हो जायेगी।

Electrification of railway tracks

905. DR. ABRAR AHMED KHAN Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) what is the length of railway tracks electrified in the country during the last three years, State-wise ; and

(b) what are the zonal railways where steam engines have been replaced by diesel engines during the last three years?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MAHABIR PRASAD) : (a)

State	Route Kilometres energised during last 3 years
1. Andhra Pradesh	335
2. Bihar	127
3 Gujrat	99
4. Madhya Pradeh	471
5 Rajasthan	437
6 Tamil Naidu	89
7. Uttar Pradesh	157
TOTAL	1715

(b) All Zonal Railway have replaced some team locomotives during the last 3 years.

राजस्थान विश्वविद्यालय का केन्द्रीय विश्वविद्यालय में परिवर्तन

906. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के विचाराधीन राजस्थान विश्वविद्यालय अथवा राजस्थान के किसी अन्य विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय में बदलने का कोई प्रस्ताव है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या उस राज्य का कोई विश्वविद्यालय केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाये जाने योग्य है, यदि हां, तो उसे कब तक केन्द्रीय विश्वविद्यालय बना दिया जायेगा ; यदि नहीं, तो उनमें क्या कमियां हैं, तथा उन्हें किस प्रकार से दूर करने का विचार है ; और

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार राजस्थान जैसे पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए कोई विशेष योजना बना रही है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभाग में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही) : (क) और (ख) जी, नहीं। पिछले चालीस वर्षों की अवधि में केन्द्र सरकार द्वारा केवल सात विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं केन्द्र सरकार ने किसी भी स्थिति में विद्यमान राज्य विश्वविद्यालय को अपने नियंत्रण में नहीं लिया था और न ही केन्द्रीय विश्वविद्यालय में परिवर्तित किया था भारत सरकार का इस नीति से अलग होने का कोई प्रस्ताव नहीं है तथा राजस्थान विश्वविद्यालय या राज्य में किसी अन्य विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव नही है ।

(ग) भारत सरकार सीमा क्षेत्र विकास (शिक्षा) कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है जिसमें राजस्थान में बीकानेर, बाड़मेर जैसलमेर व श्रीगंगानगर के जिले भी शामिल हैं । योजना में उन वर्गों के व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी जो शैक्षिक अवसरों से वंचित रह गए हैं तथा राज्य सरकार को नए प्राथमिक स्कूल खोलने, विद्यमान स्कूलों में सुविधायें प्रदान करने, और अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों व पालिटैक्निक्स तथा भा० प्रौ० संस्थान आदि की स्थापना के लिए निधियां प्रदान की गई हैं ।

Installation of television sets at railway stations

907. PROF. SOURENDRA BHATTACHARJEE ; Will the Minister of RAILWAYS be pleased to refer to answer to Unstarred Question 3310 given in the Rajya Sabha on the 7th December, 1988 and state :

(a) what has been the cost of installation of closed circuit television sets on 41 railway stations and the expected revenue out of it ;